आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 30.4.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये गए हैं। गंगोत्री में हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की प्राथमिकता।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में 34 एक्स–रे तकनीशियनों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- **और,** पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन– **वेव्स** कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा।

गंगोत्री / यमुनोत्री कपाट

उत्तरकाशी में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही चारधाम यात्रा का आगाज भी हो गया है। उत्तरकाशी से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह 10 बजकर तीस मिन टपर गंगोत्री और 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट पूरे विधि–विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोले गए। गंगोत्री में कपाटोद्‌घाटन के अवसर पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों और देश–विदेश से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को कपाटोद्‌घाटन और अक्षय तृतीया की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष चारधाम और यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि किसी भी तीर्थयात्री को असुविधा न हो।

गंगोत्री धाम में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि वे यात्रा के लिए उत्साहित हैं।

**स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून स्थित स्वास्थ्य महानिदेशालय में आयोजित एक समारोह में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित 34 एक्स–रे तकनीशियनों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि एक्स–रे तकनीशियन स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त एक्स–रे तकनीशियन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**चिकित्साधिकारियों की समीक्षा**

प्रदेश में अगले माह तक करीब दो सौ डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। नैनीताल जिले के काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में कुमाऊं मंडल के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ बैठक में डेंगू और मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों की रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा में डॉक्टर रावत ने यह जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सभी जिलों के अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 10–10 बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड सरकार, चिकित्सा क्षेत्र में अहम सुधार करने जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में बन रहा राजकीय मेडिकल कॉलेज अगले साल तक बनकर तैयार हो जाएगा। साथ ही 108 एम्बुलेंस सेवा का रिस्पॉन्स टाइम 15 मिनट किया जाएगा और सभी जिला अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में रोजाना मरीजों के बिस्तरों पर नई चादरें बिछाई जाएंगी।

**मुख्य न्यायाधीश**

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 14 मई से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति गवई देश के बावनवें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 13 मई को समाप्त हो रहा है।

**वेव्स**

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन– वेव्स कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह 4 दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता चर्चा, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन, प्रतिभा और रचनात्मकता के क्षेत्र में भारत की अपार संभावनाओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक अवसर प्रदान करेगा। इस सम्मेलन में दुनियाभर के शीर्ष मीडिया सीईओ, मनोरंजन जगत की बड़ी हस्तियाँ एक साथ आएंगे। इस कार्यक्रम में सौ देशों के लगभग पांच हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा कई दिग्गज कलाकारों अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, चिरंजीवी, मोहन लाल, नागार्जुन, शाहरुख खान, अनिल कपूर, अक्षय कुमार, आलिया भट्ट और आमीर खान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

**डेंगू रोकथाम**

देहरादून में डेंगू की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने घर–घर सर्वे, मच्छर रोधी उपाय और व्यापक जागरूकता अभियान शुरू कर दिए हैं। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में डेंगू की जांच और इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को पहले ही धनराशि भी जारी कर दी है। आशा कार्यकत्री, वॉलिंटियर्स और रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा घर–घर सर्वे किया जा रहा है।

**डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें बताया गया है कि यह बीमारी एडिस मच्छर के काटने से फैलती है और इसका कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, इसलिए बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है।**

**एडवाइजरी के अनुसार, डेंगू से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छरदानी और मच्छर भगाने वाली क्रीम के उपयोग की सलाह दी गई है। घर और आसपास पानी जमा न होने देना, टंकियों को ढक कर रखना और साफ–सफाई बनाए रखना जरूरी बताया गया है।**

**व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, स्कूलों, होटलों, रिहायशी क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर जलजमाव मिलने पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर निगम और ग्राम पंचायतों को स्वच्छता अभियान चलाकर डेंगू मच्छरों के पनपने से पहले ही रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं।**

**परियोजना कार्य/प्रगति**

हल्द्वानी में एशियाई विकास बैंक की सहायता से दो हजार दो करोड़ रुपये की लागत वाली एकीकृत शहरी अवसंरचना विकास परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इस परियोजना के तहत हल्द्वानी तहसील परिसर में 336 करोड़ रुपये की लागत से एक बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा। इस इमारत में तहसील, उपजिलाधिकारी और उप निबंधक कार्यालयों के साथ–साथ पुस्तकालय, प्रेस क्लब, सेंट्रल रिकॉर्ड रूम, सर्विलांस सेंटर और करीब 650 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने मण्डलायुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में जानकारी दी कि रकसिया नाला आउटफॉल का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है और शेष काम बरसात से पहले पूरा कर लिया जाएगा। हल्द्वानी में 766 किलोमीटर

लंबी पेयजल लाइन डाली जा रही है, जिसमें से 250 किलोमीटर तक का काम पूरा हो गया है। वहीं, 120 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन में से 40 किलोमीटर लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

128 करोड़ रुपये की लागत से वाक–वे मॉल से शनि बाजार तक वर्षा जल प्रबंधन का कार्य भी जारी है। बारिश के दौरान नैनीताल रोड पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सात आउटफॉल बनाए जा रहे हैं, जिनसे वर्षा जल को गौला नदी में छोड़ा जाएगा।